वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-68 सागवाड़ा, सोमवार, 1 नवम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

एमएमबी ग्रुप की ओर से दिवाली पर जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया

डूंगरपुर। जिले में कौमी एकता के प्रतीक हजरत मस्तान बाबा की याद में एमएमबी ग्रुप की ओर से दिवाली के मौके पर जरूरतमंद परिवारों को नि:शुल्क राशन वितरित किया गया। विजय गंज कॉलोनी स्थित ग्रुप के कार्यालय परिसर में पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद ओर ट्रैफिक इंचार्ज रमेश पाटीदार ने सभी वर्गों के 50 गरीब परिवारों को एक माह का निशुल्क राशन बांटा। ग्रुप से सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने बताया कि ग्रुप द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कार्य किये जा रहे है वही आज दीवाली के मौके पर जरूरतमंद परिवारों को यह खुशियां बांटी गई है। नूर मोहम्मद ने बताया कि ग्रुप की ओर से अब तक विभिन्न मौकों पर 12 हजार से अधिक राशन किट वितरित किए जा चुके हैं।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद ने समाज सेवा के लिए ग्रुप द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि अन्य संस्थाओं को भी एमएमबी ग्रुप से प्रेरणा लेते हुए मानव सेवा के कार्य करने चाहिए।

कांग्रेस- 14 से 29 नवम्बर तक चलेगा जनजागरण अभियान,50 लाख सदस्य बनाने का टारगेट

जयपुर।

प्रदेश में 1 नवम्बर से कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हो गया। हाथ का निशान मेरा अभियान स्लोगन इस दौरान किया गया। पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि 10 लाख नहीं इससे कहीं आगे बढ़कर हम राजस्थान में 50 लाख सदस्य बनाएंगे। पहले ही दिन 5 लाख फॉर्म कार्यकर्ताओं को दे दिए गए हैं।14 नवम्बर से 29 नवम्बर 2021 तक महंगाई के विरोध में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराकर इस अभियान की शुरूआत की।गहलोत ने रिन्यू कराने के लिए फॉर्म पर हस्ताक्षर किए,पीसीसी सचि जसवंत गुर्जर ने उनका अनुमोदन किया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मेम्बरशिप फॉर्म को मंजूर कर लिया।

पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि 31 मार्च 2022 तक कांग्रेस के नए सदस्य बनाए जाएंगे। 14 नवम्बर से 29 नवम्बर 2021 तक महंगाई के विरोध में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। राज्य में 55-56 हजार बूथों में कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे। 5 लाख फॉर्म पहले ही दिन दे दिए गए हैं।प्रदेश में पिछली बार 32 साल से ज्यादा सदस्य बनाए हैं। अब उससे डेढ़ गुणा ज्यादा 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

विज्ञापन देकर वाट्सअप चेटिंग कर लडकियों की फोटो डालकर ग्राहकों से धोखाधड़ी कर ऐडवांस राशि के नाम पर रुपये ऐठने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर सकानी के एक व्यक्ति को पकड़ा, बदनामी के डर से कोई नहीं करता था शिकायत

आसपुर। ओनलाईन चेटिंग कर लडकियों के फोटो व विज्ञापन देकर ग्राहकों से धोखाधडी कर रुपये ऐठने वाले व्यक्ति को आसपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। OK LUTE.COM पर विज्ञापन देकर वाट्सअप चेटिंग कर लडकियों की फोटो डालकर ग्राहकों से धोखाधड़ी कर ऐडवांस राशि के नाम पर रुपये लिये जाते थे। पुलिस थाना आसपुर द्वारा सकानी गाव मे एक व्यक्ति प्रकाश पिता गोकलजी पाटीदार निवासी सकानी वेबसाईट ok lute.com पर लडकियों की फोटो डालकर विज्ञापन देकर ग्राहक को फंसाने और ग्राहकों से रकम खाते में डलाने एवं स्वयं लाभ कमा कर ग्राहकों को नुकसान पहुंचाने के मामले में प्रकाश पाटीदार को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाईल जब्त किया गया। प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से पुलिस रिमाण्ड पर भेजा है। सकानी गांव में एक व्यक्ति प्रकाश पिता गोकलजी पाटीदार निवासी सकानी जो कि एडल्ट वेबसाईट ok lute.com पर लडकियों की फोटो डालकर विज्ञापन देकर ग्राहक फंसाता था। ग्राहकों से रकम अपने खाते मे डलाता है एवं स्वयं लाभ कमा कर ग्राहकों को नुकसान पहुचाता था। सूचना पर थानाधिकारी संजीव स्वामी मय जाब्ता सकानी पहुंचे। उक्त प्रकाश पाटीदार के बारे मे जानकारी मुखबीर से हासिल की तो बताया कि फोन पर अपने गांव में घुमते फिरते हुए यह कार्य करता हैं तथा इस समय भी वह गांव में ही घुम रहा है। उक्त सूचना पर थाना से बोगस गाहक के रूप में प्रकाश पाटीदार के मोबाईल पर गयी रात्रि के समय संम्पर्क करवाया गया तो प्रकाश ने चेर्टींग के जरीये लडकी उपलब्ध कराने के लिए लडकियों के फोटो भेजकर कुल 2500 रुपये व 500 रुपये एडवांस मे देने हेतु आनलाईन ट्राजेक्सन के लिए कहा। पूछताछ में बताया कि ग्राहकों को लडकियों की फोटो भेज कर झांसा देने के लिये लडकियों को कहा भेजने एवं रुपये एडवान्स में मांगने की कई चेटिंग की हुयी है। इस प्रकार प्रकाश अपने मोबाईल से भिन्न भिन्न व्यक्तियो से चेटिंग कर लडकियों की फोटो भेज कर झांसा देने के लिये लडकियों को किस स्थान पर भेजे एंव उसके एवज मे एडवान्स रूपये मांगने की कई चेटिंग की हुयी है। उक्त मोबाईल नम्बरो से वेबसाईड पर देखकर ग्राहकों द्वारा मोबाईल पर फोटो डालकर समय व रेट तय की जाती है ओर भुगतान का तरीका बताया जाता है जो ऑन लाईन मेरे पेटीएम एंव गुगल पे आदी पर कराया जाता है। सोदा तय होने के बाद सामने वाले व्यक्ति को उलझा कर उससे एडवान्स के नाम पर रूपये ऐठ लिये जाते है।

गुरु आश्रम सरोदा में श्री शुभवेला पञ्चांग के 20 वें अंक का विमोचन

सागवाड़ा। गुरु आश्रम सरोदा में श्री शुभवेला पञ्चांग के 20 वें अंक का विमोचन एवं ज्योतिषीय संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राम कथावाचक कमलेश भाई शास्त्री खड़गदा थे। अध्यक्षता रमेशचंद्र भट्ट भीलुड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि दिनेश पंचाल विकासनगर थे। कार्यक्रम में अतिथि में विश्वनाथ पंड्या, भोगीलाल मोड़ पटेल व प्रधानाचार्य भरत शुक्ला मौजूद रहे। स्वागत उद्बोधन प्रवीण रावल पादरडी बड़ी ने किया।

पंचांग के 20 वे अंक तक की लगातार यात्रा व विशेषताओं की जानकारी संपादक राजेंद्र पंचाल ने प्रदान की । दिनेश पंचाल ने पाठकों का आभार जताते हुए कहा कि उनकी पसंद है जो इस पंचांग की सफलता का राज बताया। उपस्थित ज्योतिषियों में किशोर जोशी, तुलजाशंकर भट्ट , विद्याशंकर पाठक, देवशंकर सुथार सागवाड़ा, महेश अंबाडा, धर्मेंद्र दर्जी, भगवतीलाल पंचाल सामलिया, केशवलाल पंचाल विकासनगर, यशवंत दवे, मुकेश भट्ट, पंकज सुथार, बालकृष्ण पाठक, त्रिभुवन, देवेंद्र ठाकुर, रामचंद्र पंचाल, चंद्रकांत शुक्ला सरोदा, प्रदीप शास्त्री मौजूद रहे।

स्वच्छ सागवाड़ा सुरक्षित सागवाड़ा का संदेश, पालिकाध्यक्ष ने थानाधिकारी के साथ किया पैदल मार्च

त्यौहार में सड़क पर कचरा नहीं करें, स्वच्छता का रखे ध्यान

सागवाड़ा। स्वच्छ सागवाड़ा सुरक्षित सागवाड़ा का संदेश देने के लिए पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोंलकी, उपाध्यक्ष राजू मामा शेख ने पुलिस बल के साथ सोमवार को बाजारों में पैदल मार्च किया। नगर के बाजारों में घूमकर थानाधिकारी ने व्यापारियों से मुलाकात भी की। उनसे सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। थानाधिकारी ने सुरक्षा के लिए लगाई गई ड्यूटी प्वाइंटों को भी देखा।

थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोंलकी ने व्यापारियों और आम नागरिकों से दीपावली के त्योहार पर सतर्कता बरतने को कहा। इधर, पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने व्यापारियों से अपील की है कि बाजार में कचरा न फैलाए। सारा कचरा एकत्र एकत्र कर रखे और पालिका के वाहन में ही डाले। पोलिथिन का उपयोग नही करें और नालियों में कचरा नहीं डाले। धनतेरस, दीपावली पर्व पर बाजारों में भीड़ रहती है।

बाजारों में अधिकांश तौर पर महिलाएं खरीदारी करने के लिए पहुंच रही है। इस दौरान उनके साथ छेड़छाड़ या अन्य कोई घटना न हो, इसके लिए सादा कपड़ों में भी महिला पुलिस को बाजारों में लगाया गया है। सादा कपड़ों में पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए है ताकि कोई शरारती तत्व पर्स छीनने जैसी हरकत न कर बैठे।

फलोज में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

डूंगरपुर। योगेश्वर महादेव प्रीमियम लिग फलोज द्वारा सिजन प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता का दस दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रेमकुमार पाटीदार ने की मुख्य अतिथि सुरमाल परमार एवं विशिष्ट अतिथि वल्लभराम पाटीदार, रतनलाल पाटीदार, सुरेश फलोजिया, प्रेमशंकर पाटीदार, शिवलाल कलाल, भगवान जी भट्ट, देवीलाल पाटीदार, गजेंद्र कलाल, गौतम लाल पाटीदार, नीलेश उपाध्याय कल्याण यादवआदि थे।आयोजन करता कि और से अजय पाटीदार ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग जिले भर से 40 टीमें भाग ले रही है।आज उद्घाटन मैच दोवड़ा एवं गनेशपुर के मध्य खेला जाएगा।

सपना फाउंडेशन ने दिपावली पर 300 गरीब परिवारों मे हैप्पी किट बांटे

सपना फाउंडेशन के सदस्यों ने 300 गरीब परिवारों मे हैप्पी किट के साथ खुशियां बांटी

डूंगरपुर। सपना फाउंडेशन की पहचान क्षेत्रभर मे रक्तदान के क्षेत्र मे कार्यरत है । वही इस वर्ष पहली बार फाउंडेशन के तत्वाधान मे इस दीपावली पर डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिले मे 300 गरीब परिवारों मे हैप्पी किट वितरित कर खुशियां बांटी।

हेप्पी किट में बेसन चिक्की, नमकीन, खुरमा पापड़ी, 5 मिट्टी के दिए, तेल का पाउच, मास्क, साबुन, मोमबत्ती, पूजा सामग्री, फूल बत्ती का पैकेट है। वही रविवार को सपना फाउंडेशन के तत्वाधान मे डूंगरपुर जिले मे पूर्व सभापति के. के. गुप्ता के सानिध्य मे कई गरीब परिवारों मे हैप्पी किट वितरित किये गये। इस दौरान सपना फाउंडेशन के फाउंडर विश्वंभर सुखवाड़ा, महासचिव चार्मी भट्ट, सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक, पंकज पाटीदार, भावेश पंड्या, धनेश्वर पाटीदार, प्रेम सेवक, रोहित निनामा व कुलदीप सिंह सहित डूंगरपुर बांसवाड़ा के कई सदस्य उपस्थित रहे। वही सोमवार को पंकज पाटीदार, धनेश्वर पाटीदार व भावेश पंड्या ने जेठाणा, पादरा, ऑड सहित आसपास के गांवों में गरीब परिवारों मे हैप्पी किट वितरित कर दिवाली की खुशियां बांटी।

वार्डों में हो रहे विकास कार्यों का पालिकाध्यक्ष ने लिया जायजा

वार्ड नंबर 6 में बन रही सीसी सड़क के कार्य को देखा

सागवाड़ा। पार्षदों की अनुशंसा पर शहर के प्रत्येक वार्ड में निर्माण कार्य किये जा रहे है। शहर के हर वार्ड में 5 लाख रुपये खर्च किये जा रहे है। इसी के तहत पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया और पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा शेख ने वार्ड नंबर 6 में बन रही सीसी सड़क की गुणवत्ता की जांच की। नगर पालिका अध्यक्षखोडनिया ने बताया कि वार्ड 6 के पार्षद मनोज कंसारा के अनुशंसा पर राजेंद्र स्वर्णकार से अश्विन सोनी के मकान तक सीसी रोड का कार्य किया जा रहा है। पुनर्वास कोलोनी सागवाडा के वार्ड नं 6 में यह सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी थी जिसका सुदृढ़ीकरण नहीं किया गया था। पार्षद के कहने पर पालिका की ओर से यह कार्य शुरु कराया गया है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका जेईएन लोकेश पाटीदार को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौराश के दौरान ललित पंचाल, रामचंद्र कंसारा, नारायण लाल सुथार एवं मनोज आर कंसारा मौजूद थे।

शहर में रोप-वे से लेकर बेणेशवर धाम और विजवा माता धाम के विकास पर चर्चा

पर्यटन को बढ़ावा देने प्रशासन ने बनाई योजना

डूंगरपुर। कलेक्टर सुरेश कुमार ओला की अध्यक्षता में हुई बैठक में पर्यटन को विकसित करने के कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने डूंगरपुर के साथ ही प्रमुख तीर्थ स्थलों को विकसित करने पर चर्चा करते हुए अधिकारियों से प्रपोजल मांगे। बैठक जिला पर्यटन अधिकारी अनिल तलवाडिया समेत नगर परिषद के अधिकारी भी मौजूद रहे। पुराने पर्यटन स्थलों को विकसित करने के साथ ही नए पर्यटन केंद्र बनाने पर चर्चा की गई। डूंगरपुर नगर परिषद क्षेत्र में नाना भाई पार्क से फतेहगढी तक रोप-वे प्रोजेक्ट की योजना के साथ ही इस प्रोजेक्ट से पर्यटन को मिलने वाले फायदे पर विचार किया गया। इसके अलावा जिले के प्रमुख तीर्थ स्थल बेणेश्वर धाम की पदयात्रा व बेणेश्वर मेले पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने बेणेश्वर धाम के पर्यटन को लेकर एप बनाने और धाम की पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए।

आयुर्वेद दिवस संभाग स्तरीय धन्वंतरि जयंती समारोह में मिला सम्मान

डूंगरपुर। आयुर्वेद दिवस संभाग स्तरीय धन्वंतरि जयंती समारोह उदयपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभागीय एवं कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। आयुर्वेद विभाग जिला डूंगरपुर उपनिदेशक डॉ प्रदीप कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्स अधिकारी डॉ आनंद कुमार शर्मा आयुर्वेद औषधालय घोटाद, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी एवं सम्भागीय समन्वयक (PRS) आयुर्वेद विभाग, आयुर्वेद औषधालय सिथल डॉ अभयसिंह मालीवाड, कार्यालय आयुर्वेद विभाग डूंगरपुर से कनिष्ठ सहायक शांति लाल रोत, रईस गुल खान कंपाउंडर आयुर्वेद औषधालय सरोदा, हिरिया मीणा परिचारक आयुर्वेद औषधालय साबला को सम्भागीय आयुक्त उदयपुर संभाग राजेंद्र भट्ट के मुख्य आतिथ्य में और अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग उदयपुर संभाग डॉ महेश दत्त दाधीच की ओर से सम्मानित किया गया।

ट्रक अनियंत्रित होकर पलट, हादसे में चालक की दर्दनाक मौत

डूंगरपुर। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 48 पर बिछीवाड़ा थाने के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार जयपुर से एक ट्रक सामान लेकर अहमदाबाद की ओर जा रहा था। बिछीवाड़ा थाने से आगे निकलते ही बिछीवाड़ा घाटे के पास ट्रक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। हादसे में ट्रक चालक शशिकांत यादव निवासी एटा उत्तरप्रदेश ओर खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मावा सहित सूखे मेवे की भी जांच, अब तक 38 सैंपल लिए

शुद्ध के लिए युद्ध अभियान, मिलावट करने वालों पर होगी कार्रवाई

डूंगरपुर। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 38 सैंपल लिए जा चुके हैं। जिसमें से 3 सैंपल अवमानक मिसब्राण्ड के पाए। यह अभियान 4 नवम्बर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा बताया कि अभियान में दूध, मावा, पनीर व अन्य दुग्ध उत्पाद, आटा, बेसन, खाद्य तेल व घी की जांच की गई। सूखे मेवे, मसालों और बाट व माप की जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एफएसओ अजय मोयल ने बताया कि जिले में दीपावली पर खाद्य पदार्थों के प्रभावी नमूनीकरण व निरीक्षण के लिए विशेष अभियान के तहत अब तक 38 सैंपल लिए गए। जांच के लिए प्रयोगशाला बांसवाड़ा भेजा गया है। जिसमें से 4 के सैंपल रिपोर्ट प्राप्त हुई। इनमें से तीन सैंपल अवमानक/मिसब्राण्ड के पाए गए। एफएसओ मोयल ने बताया कि अभियान 4 नबम्बर तक चलेगा। अब तक जिले में पिण्डावल से दो, चिखली से एक, डूंगरपुर से 10, बिछीवाडा से 6, सीमलवाडा से 4, सागवाडा से 7, आसपुर से 2, पुनाली से 2 पुंजपुर से 01 और साबला से 3 सैंपल लिए गए। सैंपल में घी के 6, दूध के 3, रसगुल्ला के 3, तेल के 3, मैदा का 1, बेसन का 1, नमकील का 2, मसाले का 5, कलाकद के 2, नमक का 1, चायपति 1 खोए की बर्फी का 9 सैम्पल लिए गए। अवमानक/मिसब्राण्ड के पाए गए सैम्पल की सभी फर्म के विरूद्ध न्याय निर्णय अधिकारी एवं अति.जिला कलक्टर डूंगरपुर में परिवाद पेश किया गया।

श्री गुजराती पाटीदार समाज प्रगति मण्डल का 29 वां वार्षिक महाधिवेशन हुआ

* 10वीं बोर्ड की 197, 12वीं बोर्ड की 175 छात्र प्रतिभाएं सम्मानित
* 43 सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा 235 नवनियुक्त कर्मचारियों का भी सम्मान

सागवाड़ा। डूंगरपुर जिले के सबसे बड़े संगठन श्री गुजराती पाटीदार समाज प्रगति मण्डल का 29 वां वार्षिक महाधिवेशन लौहपुरुष सरदार पटेल की 146 वीं जयंती पर रविवार देर शाम विद्यानगर पंचवटी सागवाड़ा में आर.ए.एस. सुरेन्द्र पाटीदार सिलोही के मुख्य आतिथ्य में तथा राजस्थान पाटीदार समाज के प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाटीदार पाडवा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्यवक्ता डाईट उदयपुर के प्रोफेसर हरिदत्त शर्मा थे। विशिष्ठ अतिथि ट्रस्ट मण्डल अध्यक्ष प्रेमजी भाई करियाणा, चेयरमेन डायालाल विकासनगर, मैनेजिंग ट्रस्टी गोपाल भाई जसेला, संरक्षक डूंगर भाई पाडवा, उपाध्यक्ष गोविन्द पाटीदार दिवडा छोटा, जीवणलाल घाटा का गांव, पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष गोविंदराम पाटीदार विराट, खेल समिति के जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र अम्बाडा, युवा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोजकुमार भेमई, लालशंकर ओड थे। ईश वंदना एवं दिप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रगति मण्डल के जिलाध्यक्ष शिवराम पाटीदार नादिया ने स्वागत करते हुए तीन वर्ष के कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अधिवेशन में पाटीदार समाज के सुरेन्द्र पाटीदार सिलोही के एस.डी.एम. बनने पर उपरणा पहना, शाल ओढा एवं साफा बांधकर नागरिक अभिनन्दन किया गया।

समारोह में अतिथियों ने दसवीं बोर्ड की 197, बारहवीं बोर्ड की 175 छात्र प्रतिभाओं को मेमेंटोज प्रदान कर सम्मानित किया। 43 सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा 235 नवनियुक्त कर्मचारियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पीएचडी, इंजीनियरिंग, एमबीबीएस एवं खेल की 55 प्रतिभाओं को भी नवाजा गया। नायब तहसीलदार हिरण्य पाडवा, जगदीश जेठाणा और दिल्ली एम्स के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. गोपाल नादिया को सम्मानित किया गया। मुख्यवक्ता प्रो. शर्मा ने स्वतन्त्रता आंदोलन तथा अखण्ड भारत के निर्माण में सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला।